# हैप्पी बर्थडे आया मेरे श्याम का। By Sumita Srivastava

बड़ा ही सुन्दर लगे नज़ारा खाटू धाम का
Happy Birthday आया रे मेरे बाबा श्याम का

जनमदिवस की देने बधाई प्रेमी खाटू आये
माखन मिश्री का बनवा कर संग में केक भी लाये
किसी ने भोग लगाया यहाँ छप्पन पकवान का
Happy Birthday आया रे मेरे बाबा श्याम का

श्याम नाम की धूम मची मस्ती का रंग है छाया
खाटूवाले ने दीवाना सबको अपना बनाया
नहीं किसी को चिंता यहाँ अपने आराम का
Happy Birthday आया रे मेरे बाबा श्याम का

खूब सजी खाटू की गालियां सोमा गीत ये गाये
फूलों में मेरा खाटूवाला सज धज कर है आये
गूँज रहा कुंदन जयकारा श्याम के नाम का
Happy Birthday आया रे मेरे बाबा श्याम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%aa%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%a1%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d/